हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0

पृष्ठ सं0 ..........................

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभागः शैक्षिक अनुभाग

पत्रावली सं0: ................................................................

दिनांक : ........................................................................

FTS. No.: ..........................................................

**मा0 कुलपति महोदय**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 27वीं बैठक दिनांक मई 15, 2026 को ऑफलाइन / ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुयी। बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाई ओर संलग्न है।

V Dixit
16/05/2026

**(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
एवं सदस्य सचिव, विद्या परिषद्

Approved
S
16/5/2026

DCAA

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक मई 15, 2026 दिन शुक्रवार को 03:00 बजे (अपरान्ह) विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न 27वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 27वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0, डी0जी0, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीतालक्ष्मी के0, अधिष्ठाता, पी0जी0 एण्ड आर0 प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेश्वरी पांडे, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 नरेश कुमार नागवानी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 के0 के0 पंत, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 नीरज सिन्हा, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 5. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0 एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष प्लास्टिक विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मनोज कुमार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोटेक्नोलाजी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 राजेश कुमार वर्मा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 संजीव कुमार, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 विवेक कुमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, विभागाध्यक्ष केमिकल इंजी0 के प्रतिनिधि के डा0 आशीष कपूर आचार्य केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 16. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 अनिता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 | सदस्य |

V Dixit

| | | |
|---|---|---|
| | विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | |
| 18. | प्रो0 दीपेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 आशुतोष सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 20. | प्रो0 अर्चना सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 अजय कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 22. | डा0 नीरज प्रफुल्ल अवस्थी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, के प्रतिनिधि डा0 दुर्गेश कुमार सोनी, सहायक आचार्य पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | प्रो0 सन्तोष कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 आशीष त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | प्रो0 दिप्तीक परमार, प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 30. | श्री अमित कुमार राठौर, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 31. | डा0 अमित कुमार राठौर, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 32. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 33. | डा0 नन्दकिशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 34. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 बिनोद कुमार कनौजिया, निदेशक, डॉ0 बी0आर0 अंबेडकर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 छगन लाल गेहलोत, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. वर्तमान शैक्षिक सत्र निर्धारित ऐकेडमिक कलेण्डर के अनुसार तय समय से चल रहा है एवं इण्ड सेमेस्टर परीक्षायें वर्तमान में सम्पन्न हो रही हैं।

VDixit

2. 05 विधाओं CS, ME, ET, FT, PL को एन0बी0ए0 नई दिल्ली से प्रत्यायनित कराये जाने के सापेक्ष 04 विधाओं CS, ME, FT, PL हेतु 03 वर्ष का प्रत्यायन एन0बी0ए0 नई दिल्ली से हो गया है, जबकि ET का प्रत्यायन छात्र शिक्षक अनुपात के मानक विचलन के कारण नहीं हो सका। शिक्षक पदों के सृजन सम्बन्धी प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है, उम्मीद है जल्द ही अनुमोदन आ जायेगा।
3. विश्वविद्यालय की BE, PT, OT विधा के एक्रीडिटेशन हेतु एन0बी0ए0 नई दिल्ली की टीम द्वारा परीक्षण सह भ्रमण शीघ्र ही किया जाना है।
4. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इसी कड़ी में अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु AI Chatbot HBTU Mitra क्रियाशील है।
5. शैक्षिक सत्र 2025–26 में सेवायोजन हेतु अद्यतन 173 कम्पनियॉ आयी हैं जिनके द्वारा 635 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है।
6. शोध को बढ़ावा देने हेतु ऐसे 22 नये शिक्षकों को जिनके पास कोई वाह्य फण्डेड प्रोजेक्ट नहीं है को रू0 2.00 लाख की सीड मनी विश्वविद्यालय द्वारा दी गई।
7. विश्वविद्यालय का अष्टम् दीक्षान्त समारोह माह जुलाई 2026 में होना प्रस्तावित है। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी तैयारियॉ प्रारम्भ कर दी गई है। मुख्य अतिथि के नाम शीघ्र ही मा0 कुलाधिपति के अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यक्रम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं।
8. विश्वविद्यालय कार्यों में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हुये विश्वविद्यालय वेबसाइट को शिक्षकों हेतु डायनेमिक कर दिया गया है और शिक्षकों द्वारा प्रयोग में लाया जा रहा है।
9. विश्वविद्यालय द्वारा नान ई–वेस्ट की नीलामी जेम पोर्टल के माध्यम से गई, जिसका बिड में निर्धारित आरक्षित मूल्य रू0 8,44,322.00 था, किन्तु रू0 10,62,000.00 प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय से नान ई–वेस्ट को सम्बन्धित वेण्डर द्वारा उठाया जा रहा है।
10. विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के मध्य छात्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु दूसरी बस का क्रय कर लिया गया है और वर्तमान में प्रयोग में लाया जा रहा है।
11. विश्वविद्यालय के एस0ओ0ई0एम0 तथा सी0एस0ई0 विभागों में छात्रों के प्रयोगार्थ कक्षाओं तथा बैडमिन्टन हाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसे माह जुलाई 2026 से प्रयोग में लाया जायेगा।
12. छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे माह जुलाई 2026 से छात्र–छात्राओं को आवंटित किया जायेगा।
13. रूसा परियोजना के अन्तर्गत बन रहे इन्क्यूबेशन हब के अधूरे भवन को रूसा से धनराशि अवमुक्त होते ही भवन को पूर्ण किये जाने के कार्यवाही प्रगति पर है जिसे माह जुलाई 2026 से प्रयोग में ले लिया जायेगा।
14. एच0बी0टी0यू0 के 1975 बैच के छात्रों द्वारा लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण कराते हुये प्रयोगार्थ विश्वविद्यालय को प्रदान कर दिया गया है।
15. विश्वविद्यालय द्वारा 01 टाइप V आवास तथा 6 टाइप IV आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

Dixit

**मद सं0 27.01 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 26.11.2025 को सम्पन्न 26वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 26.11.2025 को सम्पन्न 26वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 27.02 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 26.11.2025 को सम्पन्न 26वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 26.11.2025 को सम्पन्न 26वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही का संज्ञान लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया साथ ही मद संख्या 26.06 में अनुमोदित कार्यवृत्त निम्नवत है:

परिषद् ने विश्वविद्यालय के उन Ex-student/Readmitted छात्र–छात्रायें जिन्होनें पुराने पाठ्यक्रम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार नवीन पाठ्यक्रम दोनो का ही पठ्न–पाठ्न कार्य शैक्षिक सत्र 2022–23 में पूर्ण किया है के क्रेडिट में आ रहे अन्तर पर समाधान हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि ऐसे छात्र–छात्राओं की समीक्षा की जाये, जिसमें निम्नवत तालिका में छात्रों को 172 क्रेडिट के साथ ही शेष कोर्स को भी पूर्ण करना है **या नहीं (यदि शेष कोर्स पूर्ण करने है तो विश्वविद्यालय में संचालित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कोर्स / MOOCS में कोर्स की उपलब्धता होने पर ही शेष कोर्स को पूर्ण करने के साथ ही विभागाध्यक्ष द्वारा कोर्स की मैपिंग करते हुये ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।)** के सम्बन्ध में अपनी यथोचित आख्या अधिष्ठाता, स्कूल के माध्यम से दिनांक 15.12.2025 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये साथ ही अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को उक्त पर निर्णय लिये जाने हेतु अधिकृत किया।

| **B.Tech. year** | **Old Syllabus Credit (Upto Session 2021-22)** | **New Syllabus Credit ( fromSession 2022-23 onwards)** | **Credit Difference** |
|---|---|---|---|
| 1st year | 40 | 44 | 4 |
| 2nd year | 44 | 48 | 4 |
| 3rd year | 44 | 44 | 0 |
| 4th year | 44 | 44 | 0 |
| **Total** | **172** | **180** | **8** |

इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय ने निर्देशित किया की सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्षों द्वारा उनके विभाग में अध्ययनरत् ऐसे Ex-student / Readmitted छात्र–छात्रायें की प्रगति की समीक्षा करते हुए संस्तुति सहित अपनी आख्या अधिष्ठाता, स्कूल के माध्यम से कार्यालय शैक्षिक अनुभाग में प्राप्त कराया जाये।

PDixit

**मद सं0 27.03 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार किया। साथ ही प्रो0 सेवायोजन द्वारा अद्यतन स्थिति से अवगत कराया, जिस पर परिषद् ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रो0 सेवायोजन को निर्देश प्रदान किये की छात्रों के एल0पी0ए0 में वृद्धि कराये जाने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाना सुनिश्चित करें।

**मद सं0 27.04 विश्वविद्यालय की दिनांक 10.04.2026 को सम्पन्न 23वीं प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 10.04.2026 को सम्पन्न 23वीं प्रवेश समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 27.05 विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के परिवार (माता–पिता, भाई, बहन) में किसी सदस्य के निधन के कारण मिड टर्म परीक्षा में सम्मिलित न हो पाने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, ऐसे छात्र–छात्राओं के लिए पुनः मिड टर्म परीक्षा आयोजित किए जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र श्री सुदर्शन मिश्रा (अनुक्रमांक 250105062), बी0टेक0, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं श्री राज कौशल (अनुक्रमांक 250105049), बी0टेक0, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, अपने पिता के आकस्मिक निधन के कारण मिड टर्म परीक्षा में सम्मिलित होने में असमर्थ रहे। उक्त प्रकरण के संबंध में गठित समिति की सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा पुनः मिड टर्म परीक्षा आयोजित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसकी जानकारी परिषद् द्वारा संज्ञान में ली गई एवं परिषद् द्वारा प्रकरण का Ratification किया गया तथा इस तरह के अन्य प्रकरण पर भी गठित समिति द्वारा जारी दिशा–निर्देशो को प्रभावी किया जायेगा।

**मद सं0 27.06 विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 में छात्र श्री सुशान्त सिंह, अनुक्रमांक 190111032, बी0टेक0 – ऑयल टेक0 विभाग द्वारा अंतिम वर्ष में पुनः प्रवेश लेकर शिक्षा जारी रखने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के छात्र श्री सुशान्त सिंह (अनुक्रमांक 190111032), बी0टेक0 (ऑयल टेक्नोलॉजी विभाग) के अंतिम वर्ष में पुनः प्रवेश के संबंध मा0 कुलपति महोदय द्वारा बी0टेक0 अध्यादेश में निहित प्रावधानों एवं छात्रहित को दृष्टिगत रखते छात्र को शैक्षिक सत्र 2025–26 में 172 क्रेडिट पूर्ण करने की शर्त पर उपाधि पूर्ण किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्राप्त अनुमोदन से परिषद् संज्ञानित हुई एवं परिषद् द्वारा प्रकरण का Ratification किया गया।

**मद सं0 27.07 विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बी0टेक0 (क्षैतिज प्रवेश) के छात्रों को विश्वविद्यालय स्तर से प्राप्त Official Transcript के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् बी0टेक0 (क्षैतिज प्रवेश) के छात्रों को प्राप्त होने वाली Official Transcript में परिषद् द्वारा निम्नवत् संशोधन अनुमोदित किये गये :

1. क्षैतिज प्रवेशित छात्रों हेतु जारी Official Transcript में बी0टेक0 डिग्री के अंकों के साथ–साथ "The Student was admitted to the B.Tech Programme under latarel entry scheme on the basis of 3- year diploma qualification and joined directly in the second year. The B.Tech Degree awarded is equivalent to the standard 4-Year B.Tech Programme of the University." को Official Transcript में समावेशित किया जाये।
2. उक्त के साथ ही विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की Official Transcript में "Medium of Instruction is English" का भी उल्लेख किया जाये।

**मद सं0 27.08 विश्वविद्यालय के गणित विभाग के अन्तर्गत नवीन पी0एच0डी0 कोर्स वर्क प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के गणित विभाग के अन्तर्गत पी0एच0डी0 शोधार्थियों हेतु नवीन पी0एच0डी0 कोर्स वर्क – Fuzzy Logic and Applications (NMA759 / NMA760) प्रारम्भ किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदान किये अनुमोदन से परिषद् संज्ञानित हुई एवं परिषद् द्वारा प्रकरण का Ratification किया गया।

**मद सं0 27.09 विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के सभी शाखाओं में न्यूनतम सत्र–अंको की आवश्यकता पर पुर्नविचार के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम की सभी शाखाओं में न्यूनतम सत्र–अंकों की अनिवार्यता के संबंध में पुनर्विचार हेतु मा0 कुलपति महोदय से प्राप्त अनुमोदन से परिषद् अवगत हुई। परिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव को एक वर्ष हेतु Consideration में रखे जाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया। जिसके क्रम में आगामी एक वर्ष के लिए न्यूनतम सत्र–अकों की अनिवार्यता नहीं होगी एवं एक वर्ष की समीक्षा के उपरान्त प्रस्ताव परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गये।

इसके अतिरिक्त, समस्त पाठ्यक्रमों में छात्र–छात्राओं की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया गया। साथ ही, छात्र–छात्राओं हेतु संचालित विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पोर्टल को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाए जाने के लिए कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

Dixit

**मद सं0 27.10** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026–27 में नवप्रवेशित अभ्यर्थियों हेतु शुल्क वापसी की नियमावली के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026–27 में समस्त पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित अभ्यर्थियों हेतु शुल्क वापसी की नियमावली पर परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया एवं एजेण्डा के पृष्ठ संख्या 82 पर "When You Cancel Admission" को "When You Withdraw Admission" किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0 27.11** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 एवं 2026–27 में स्नातक, परास्नातक एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रारम्भ हुये नवीन विधा के छात्रों को अनुक्रमांक निर्गत किये जाने एवं अनुमोदित इनरोलमेन्ट टेबल संशोधनोपरान्त परिषद् के विचार/अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 एवं 2026–27 में प्रारम्भ हुये विधा में नवप्रवेशित छात्रों को परिषद् द्वारा निम्नलिखित तालिका अनुसार अनुक्रमांक/ इनरोलमेन्ट आवंटन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया :–

| Sl. No. | Program | Branch/Specialization | Code | Session |
|---|---|---|---|---|
| 1. | P.hD. | Biotechnology | 48 | 2025-26 (winter Session) |
| 2. | B.Tech. | Computer Science and Engineering (AI & ML) | 49 | 2026-27 |
| 3. | M.Sc. | Forensic Bioanalytics | 50 | 2026-27 |
| 4. | M.Tech. | Electronics Engineering (Signal Processing and Machine Learning) | 51 | 2026-27 |

**मद सं0 27.12** **विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 में हुए परिवर्तन के साथ ही अभातशिप एवं यू0जी0सी0 के दिशा–निर्देशों के क्रम में समस्त पाठ्यक्रमों हेतु मॉडल पाठ्यक्रम संरचना में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 में हुए परिवर्तन के साथ ही अभातशिप एवं यू0जी0सी0 के दिशा–निर्देशो के क्रम में समस्त पाठ्यक्रमों हेतु मॉडल पाठ्यक्रम संरचना में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में गठित समिति की बैठक में प्राप्त सुझावों के अनुसार मॉडल पाठ्यक्रम संरचना में परिवर्तन किये जाने हेतु निम्नलिखित प्रस्ताव पर परिषद् द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी :

1. Model Curriculum
2. Honors and Minor
3. Implementation of Multiple Entry – Exit Policy

उक्त के साथ ही परिषद् ने उपरोक्त प्रकरण पर यह भी निर्देश दिये की स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु मॉडल पाठ्यक्रम संरचना को जारी किये जाने से पूर्व समस्त अधिष्ठाता स्कूल एवं विभागाध्यक्षों की बैठक में पुनर्विचार कर लिया जाए।

PDixit

**मद सं0 27.13 विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के केमिकल इंजी0 विधा में अध्ययनरत शोधार्थी द्वारा पी0एच0डी0 उपाधि में विभाग का नाम न जोड़ने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली उपाधि में संबंधित विभाग के नाम के स्थान पर शोधार्थी के शोध–विषय को अंकित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 27.14 विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं द्वारा जमा किये जाने वाले शिक्षण शुल्क को विषम सत्र (Odd Semester) पंजीकरण के समय एकमुश्त जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को शैक्षिक सत्र 2026–27 से विषम सत्र (Odd Semester) के समय ही निर्धारित समस्त शिक्षण शुल्क एकमुश्त जमा कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही ऐसे छात्र–छात्राएं जो विषम पारिवारिक या आर्थिक परिस्थितियों के कारण शिक्षण शुल्क एकमुश्त जमा करने में असमर्थ हैं, उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने हेतु अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप की संस्तुतियों के उपरान्त नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु परिषद् द्वारा मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 27.15 विश्वविद्यालय में एक नवीन स्कूल "School of Computing and Information Technology (SoCIT)" की स्थापना के संबंध में।**

परिषद् द्वारा नवीन स्कूल "School of Computing and Information Technology (SoCIT)" की स्थापना सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचारोपरान्त भविष्य में प्रस्ताव पर पुनः विचार हेतु विद्या परिषद् के समक्ष रखे जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0 27.16 विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में फिजिक्स (NPH 101/102) एवं एम0एस0सी0 फिजिक्स (स्पेशलाइजेशन इन मटेरियल्स साइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी) के संशोधित पाठ्यक्रम को अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की विभागीय बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में फिजिक्स (NPH 101/102) एवं एम0एस0सी0 फिजिक्स (स्पेशलाइजेशन इन मटेरियल्स साइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में किये गये संशोधनों से परिषद् संज्ञानित हुई एवं सम्बन्धित पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2026–27 से लागू किये जाने हेतु परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 27.17 विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 में छात्र श्री अभिनव रावत, अनुक्रमांक 220103004 टेक0 – केमिकल इंजी0 विभाग द्वारा पुनः प्रवेश लेकर शिक्षा जारी रखने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के छात्र श्री अभिनव रावत पुत्र श्री राम बालक वर्मा (अनुक्रमांक 220103004), बी0टेक0 (केमिकल इंजी0 विभाग) द्वारा दिनांक 02.05.2026 को

ई–मेल के माध्यम से विश्वविद्यालय में पुनः प्रवेश लिये जाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र पर विचार करते हुए छात्र को बी0टेक0 अध्यादेश में निहित प्रावधानों/एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत Multiple Entry के प्रावधानों के अनुरूप एवं छात्रहित के दृष्टिगत् बी0टेक0 उपाधि पूर्ण करने पर परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 27.18 विश्वविद्यालय के अंतर्विषयी एम0टेक0 पाठ्यक्रम "Energy and Environment" को पूर्ण रूप से बंद किये जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के केमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत संचालित अंतर्विषयी एम0टेक0 कार्यक्रम "Energy and Environment" को सत्र 2025–26 में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन नहीं किये जाने से परिषद् संज्ञानित हुई एवं विभागाध्यक्ष केमिकल इंजी0 विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार करते हुए अंतर्विषयी एम0टेक0 कार्यक्रम "Energy and Environment" को पूर्ण रूप से बंद किये जाने हेतु परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 27.19 फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा नई शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप निर्धारित नवीन कोर्स विन्यास को शैक्षिक सत्र 2026–27 से विश्वविद्यालय में संचालित बी0फार्म पाठ्यक्रम हेतु लागू किए जाने एवं सम्बन्धित अध्यादेश**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बी0फार्म कोर्स हेतु निर्धारित नवीन कोर्स विन्यास को शैक्षणिक सत्र 2026–27 से विश्वविद्यालय में लागू किए जाने तथा तदनुसार संबंधित अध्यादेशों में आवश्यक संशोधन किए जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन से परिषद् संज्ञानित हुई एवं परिषद् द्वारा प्रकरण का Ratification किया गया।

**मद सं0 27.20 विश्वविद्यालय के रसायन विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 11.05.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के रसायन विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय/उपस्थित समस्त सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

16/05/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्